Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to review land lease granted to a private cement company in Satna, Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना): अध्यक्ष महोदया, मेरे चुनाव क्षेत्र सतना में विस्थापित बिरला जूट एंड मेन्यूफेक्चर कम्पनी सीमेंट डिपो को 99 साल के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने सन् 1956 में लगभग हजारों एकड़ जमीन लीज पर दी थी।...(व्यवधान) भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2013 में बनाए गए भू-अर्जन कानून के तहत् जिस ज़मीन का अभी तक जिस उद्देश्य के लिए लीज पर दी गई थी, यदि उसका उपयोग नहीं किया गया तो वह ज़मीन वापस ली जा सकती है।...(व्यवधान) सतना जिले के बिरला सीमेंट ने अभी तक सीमेंट प्लांट लगा लिया, आवास बना लिया, अस्पताल, स्कूल, खेल मैदान, मजदूरों के क्वार्टर्स, बाजार आदि सब बना लिए। शेष ज़मीन में मात्र बाउंड्री बनाकर जबरन कब्जा कर रखा है।...(व्यवधान) शहर का विकास रुका हुआ है। स्मार्ट सिटी की घोषणा है, इसके लिए सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए तथा शासकीय भवन आदि बनाने के लिए ज़मीन की ज़रूरत पड़ती रहती है।...(व्यवधान) माननीय अध्यक्ष महोदया, आपके माध्यम से मेरी मांग है कि जिस उद्योग के लिए बिरला सीमेंट को ज़मीन लीज पर दी गई थी, उसकी जाँच करा ली जाए तथा शेष खाली ज़मीन वापस ली जाए ताकि सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए तथा शासकीय भवन आदि बनाने के लिए ज़मीन का सदुपयोग हो सके। धन्यवाद।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।